वर्ष- 02 अंक- 307
छपरा
24 सितंबर बुधवार
2025
पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live




## आज मां चंद्रघंटा का दिन

नवरात्रि का तीसरा दिन है. नवरात्रि के तीसरे दिन देवी दुर्गा के चंद्रघंटा रूप की पूजा की जाती है. मां चंद्रघंटा के मस्तक पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है, इसी कारण से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है. इनके शरीर का रंग सोने की तरह चमकीला है, मां के दस हाथ हैं, जिनमें अलग-अलग अस्त्र और शस्त्र होते हैं. वहीं, मां चंद्रघंटा का वाहन सिंह है. मान्यता है कि मां चंद्रघंटा की सच्ची निष्ठा से पूजा-अर्चना करने से जीवन में शांति, समृद्धि और मानसिक संतुलन आता है ।

## सिंगर जुबीन गर्ग का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार



**गुवाहाटी,एजेंसी।** या अली फैम सिंगर जुबीन गर्ग का गुवाहाटी में मंगलवार को पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। पूरी अंतिम यात्रा के दौरान उनके गाए गाने बजते रहे। 52 साल के जुबीन का 19 सितंबर को सिंगापुर में निधन हो गया था. जुबीन के अंतिम संस्कार में परिजन, रिश्तेदार और भारी तादाद में फैंस मौजूद रहे। उनकी पत्नी गरिमा ने उनके शव को कंधा भी दिया। जुबीन के दो डॉग भी उनके अंतिम सफर में शामिल हुए। सिंगर की 19 सितंबर को सिंगापुर में स्कूबा डाइविंग के दौरान तबीयत बिगड़ गई थी। इसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। इसके बाद असम में उनके मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा समेत घटना के वक्त उनके साथ मौजूद सभी लोगों और इवेंट मैनेजर के खिलाफ शिकायत दर्ज हुई थी। जुबीन गर्ग की मौत की जांच की जिम्मेदारी असम सरकार ने CID को सौंपी है।



## फ्लाइट के लैंडिंग गियर में छुपकर दिल्ली आया

### पूछताछ के बाद वापस अफगानिस्तान भेजा



**काबुल/ दिल्ली,एजेंसी।** अफगानिस्तान से एक 13 साल का लड़का प्लेन के लैंडिंग गियर में छुपकर भारत आ गया। यह घटना रविवार, 21 सितंबर की है। अफगानिस्तान की ऋरू एयरलाइन की फ्लाइट ऋक्र 4401 काबुल के हामिद करजई एयरपोर्ट से भारतीय समयानुसार सुबह 8:46 बजे रवाना हुई और सुबह 10:20 बजे दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल 3 पर उतरी। एयरलाइन कर्मचारियों ने फ्लाइट के पास एक लड़के को घूमते देखा। उन्होंने तुरंत अधिकारियों को तुरंत सूचित किया। इसके बाद CISF ने लड़के को हिरासत में ले लिया और पुलिस को सौंप दिया। लड़के ने अधिकारियों को बताया कि उसने जिज्ञासा की वजह ऐसा किया। वह देखना चाहता था कि कैसा लगता है। लड़का अफगानिस्तान के कुंदुज शहर का रहने वाला है।



# भारत का इकलौता सक्रिय ज्वालामुखी फटा

### बैरन आइलैंड में 8 दिन में 2 बार धमाका; अंडमान-निकोबार द्वीप में है

**पोर्ट ब्लेयर ,एजेंसी।** अंडमान-निकोबार के बैरन आइलैंड में बीते 8 दिनों के भीतर दो बार हल्के ज्वालामुखी विस्फोट हुए हैं। यहां भारत का इकलौता सक्रिय ज्वालामुखी है। यह ज्वालामुखी 13 और 20 सितंबर को फटा, हालांकि दोनों बार विस्फोट हल्के दर्जे के थे और आसपास के इलाकों पर किसी तरह का खतरा नहीं है।

बैरन आइलैंड पोर्ट ब्लेयर से करीब 138 किलोमीटर दूर है और



यह दक्षिण एशिया का इकलौता सक्रिय ज्वालामुखी है। यह लगभग 3 वर्ग किलोमीटर का निर्जन द्वीप है, जिस पर ज्वालामुखी की राख और पत्थर फैले रहते हैं। यह द्वीप 354 मीटर ऊंचा है और अंडमान-निकोबार की खास पहचान माना जाता है।

**इससे पहले जुलाई में भी विस्फोट हुआ था :** रिकॉर्ड के मुताबिक यहां पहली बार विस्फोट 1787 में हुआ था। इसके बाद कई बार यह ज्वालामुखी सक्रिय हुआ। हाल में 2017 और 2022 में बड़े विस्फोट हुए थे। इस साल जुलाई में भी गतिविधि दर्ज की गई थी।

**बैरन आइलैंड में कोई नहीं रहता :** बैरन आइलैंड पूरी तरह से निर्जन द्वीप है, यानी यहां कोई इंसान नहीं रहता। यह जगह सिर्फ ज्वालामुखी, राख और पत्थरों से भरी हुई है। इस द्वीप की ऊंचाई करीब 354 मीटर है, जो समुद्र की सतह से काफी ऊपर उठी हुई दिखाई देती है।

### राहुल बोले- वोट चोरी और बेरोजगारी का सीधा रिश्ता

# युवा भविष्य के लिए संघर्ष कर रहे, मोदी अपने पीआर और अरबपतियों के मुनाफे में बिजी

**नई दिल्ली,एजेंसी।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को फिर से बीजेपी पर वोट चोरी के आरोप लगाए हैं। उन्होंने ङ्ग पर लिखा कि देश में युवाओं की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है और इसका सीधा रिश्ता वोट चोरी से है। उन्होंने बिहार के बेरोजगार युवाओं का वीडियो शेयर कर लिखा- जब कोई सरकार जनता का विश्वास जीतकर सत्ता में आती है तो उसका पहला कर्तव्य होता है युवाओं को रोजगार और अवसर देना। लेकिन भाजपा चुनाव ईमानदारी से नहीं जीतती। वो वोट चोरी और संस्थाओं को कैद कर के सत्ता में बने रहते हैं। इसीलिए बेरोजगारी 45 साल के हाई लेवल पर पहुंच चुकी है।




राहुल ने कहा कि देश का युवा मेहनत करता है, सपने देखता है और अपने भविष्य के लिए संघर्ष करता है। लेकिन मोदी जी सिर्फ अपने पीआर, सेलिब्रिटीज से अपना गुणगान करवाने और अरबपतियों के मुनाफे में बिजी हैं। युवाओं की उम्मीदों को तोड़ना और उन्हें हताश करना इस सरकार की पहचान बन चुकी है।

**राहुल बोले- युवा नौकरी की लूट नहीं सहेंगे :** राहुल ने कहा कि अब हालात बदल रहे हैं। भारत का युवा समझ चुका है कि असली लड़ाई सिर्फ नौकरियों की नहीं, बल्कि वोट चोरी के खिलाफ है। क्योंकि जब तक चुनाव चोरी होते रहेंगे, तब तक बेरोजगारी और भ्रष्टाचार भी बढ़ते रहेंगे।

अब युवा न नौकरी की लूट सहेंगे, न वोट की चोरी। भारत को बेरोजगारी और वोट चोरी से मुक्त करना ही अब सबसे बड़ी देशभक्ति है।

# कोलकाता में भारी बारिश से बाढ़, 7 की मौत

### सड़कों-घरों में 3 फीट तक पानी भरा, 33 फ्लाइट्स कैंसिल ; रेलवे-मेट्रो सर्विस ठप

**कोलकाता/नई दिल्ली,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता और उसके आसपास के इलाकों में सोमवार देर रात से मंगलवार सुबह तक मूसलाधार बारिश से बाढ़ आ गई। पानी में बिजली का करंट फैलने से अब तक सात लोगों की मौत हो गई है। कोलकाता में पिछले 24 घंटों में लगभग 247.5 मिमी बारिश हुई।





सड़कों पर दो से तीन फीट तक पानी भर गया है। यातायात व्यवस्था सुबह से चरमरा गई है। सोशल मीडिया पर कई के वीडियो सामने आए हैं, जिसमें सड़कों पर खड़ी गाड़ियां आधी से ज्यादा डूबी दिखीं। कई घरों और रेसिडेंशियल कॉम्प्लेक्स में भी पानी घुस गया।

कोलकाता एयरपोर्ट पर पानी भरने और खराब मौसम के कारण 30 फ्लाइट्स रद्द कर दी गईं और 42 फ्लाइट्स लेट हो गईं। सड़कों पर पानी भरने से यात्रियों को एयरपोर्ट पहुंचने में भी दिक्कत आ रही है। पानी भरने से शहीद खुदीराम और मैदान मेट्रो स्टेशन के बीच मेट्रो सेवा रोक दी गई है।

## मराठवाड़ा में भारी बारिश, गोदावरी नदी के किनारे बाढ़ जैसी स्थिति

**छत्रपति संभाजीनगर (महाराष्ट्र),एजेंसी।** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर, जालना और बीड़ जिलों में मंगलवार को भारी बारिश और बांधों से पानी छोड़ने के कारण गोदावरी नदी के किनारे बाढ़ जैसी स्थिति बन गई। धाराशिव जिला पहले से ही बाढ़ जैसी स्थिति का सामना कर रहा है और मराठवाड़ा के 129 राजस्व इलाकों में पिछले चौबीस घंटों में बहुत ज्यादा बारिश हुई है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री शरद पवार ने कहा कि राज्य सरकार को उन किसानों की जल्द से जल्द मदद करनी चाहिए, जिन्हें भारी बारिश की वजह से नुकसान हुआ है। सोमवार की रात से मराठवाड़ा क्षेत्र के छत्रपति संभाजीनगर के जयकवाडी बांध और बीड़ के माजलगांव बांध के जलस्रत वाले इलाकों में तेज बारिश हो रही है। एक राजस्व अधिकारी ने कहा, कुछ इलाकों में ऐसा लगा जैसे बादल फट गए हों। उन्होंने बताया कि दोनों बांध लगभग पूरी तरह भरे हुए थे और लगातार बारिश की वजह से वहां से पानी छोड़ा जा रहा था। राजस्व अधिकारी ने कहा कि माजलगांव बांध के जलस्रोत वाले इलाकों जावलाला और रामोडा में सोमवार की रात क्रमशः 160 मिलीमीटर और 120 मिलीमीटर बारिश हुई है।



# यूथ कांग्रेस अध्यक्ष को टांगकर ले गई पटना पुलिस

### नेताओं की कॉलर पकड़कर सड़क पर घसीटा ;सीएम हाउस घेरने निकले थे

**पटना,एजेंसी।** पटना में मंगलवार (23 सितंबर) को बिहार युवा कांग्रेस ने केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेता ष्टरू हाउस का घेराव करने के लिए सदाकत आश्रम से निकले। बारिश के बीच कांग्रेसी वोट चोर गद्दी छोड़ और अडाणी के खिलाफ नारे लगाते रहे। पुलिस ने कांग्रेस के प्रदर्शन को राजापुल के पास बैरिकेडिंग कर रोक दिया। इस दौरान नेता बैरिकेडिंग पर चढ़ने लगे। पुलिस ने उन्हें पीछे हटने को कहा, लेकिन वो नहीं माने।



### कांग्रेस ने पीएम मोदी पर साधा निशाना

15 सितंबर को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने पीएम मोदी के बिहार दौरे के दौरान दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। उन्होंने पीएम पर निशाना साधते हुए कहा था कि, बिहार में वोट चोरी का बंदोबस्त तो बैठाया जा रहा है, लेकिन अगर वोट चोरी से काम ना चले तो जाते-जाते गौतम अडाणी को सारी चीजें सौंप रहे हैं।


इसके बाद पुलिस ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं की कॉलर पकड़कर सड़क पर घसीटते हुए उन्हें राजापुल से हटाया। यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु को पुलिस टांगकर अपनी गाड़ी तक ले गई।

पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस नेताओं को डिटेन कर गाड़ी में बैठाया तो बाकी साथी पुलिस की गाड़ी पर चढ़ गए। इसके बाद बड़ी मुश्किल से पुलिस गाड़ी पर चढ़े नेताओं को हटाकर बाकी को अपने साथ ले गई।

# सपा नेता आजम खान 23 महीने बाद जेल से रिहा

### यूपी के सीतापुर में दोनों बेटे लेने पहुंचे; कार्यकर्ताओं की 73 गाड़ियों का चालान कटा

**सीतापुर, रामपुर,एजेंसी।** सपा नेता आजम खान 23 महीने बाद सीतापुर जेल से मंगलवार दोपहर रिहा हो गए। 5 दिन पहले हाईकोर्ट ने उन्हें बीयर बार पर कब्जे से जुड़े केस में जमानत दी थी। यह आखिरी मामला था, जिसमें उन्हें जमानत मिली। हालांकि, जमानत मिलते ही पुलिस ने शत्रु संपत्ति मामले में नई धाराएं जोड़ दीं। 20 सितंबर को रामपुर कोर्ट ने ये धाराएं खारिज कर दीं, जिससे रिहाई का रास्ता साफ हो गया। आजम पर 104 केस दर्ज हैं। दोनों बेटे अदीब और अब्दुल्ला उन्हें लेने पहुंचे। वे 100 गाड़ियों के काफिले के साथ यहां से रामपुर के लिए रवाना हो गए। आजम की रिहाई सुबह 9



बजे होनी थी, लेकिन एक केस में 6 हजार जुर्माना नहीं भरा गया था। 10 बजे कोर्ट खुलने पर यह रकम जमा हुई। इसके बाद 12.30 बजे उनकी रिहाई हुई।

**400 कार्यकर्ता लेने पहुंचे, 73 गाड़ियों का चालान कटा :** आजम काला चश्मा, काली सदरी और सफेद कुर्ता पहने कार में ही बैठकर जेल से बाहर आए। हाथ हिलाकर समर्थकों का अभिवादन किया। उन्हें लेने के लिए मुरादाबाद सांसद रुचि वीरा और 400 से ज्यादा कार्यकर्ता पहुंचे। पुलिस ने 73 कार्यकर्ताओं की गाड़ियों का चालान भी काटा। कहा- ये सब नो पार्किंग जोन में खड़ी थीं।

# शिमला के युग के 2 हत्यारों को उम्रकैद

- **हाईकोर्ट ने फांसी की सजा बदली ; एक को बरी किया, पिता बोले- इंसाफ नहीं मिला, सुप्रीम-कोर्ट जाएंगे**

**शिमला,एजेंसी।** हिमाचल हाईकोर्ट ने शिमला के बहुचर्चित युग हत्याकांड के 2 दोषियों की फांसी की सजा को उम्रकैद में बदल दिया है। कोर्ट ने फांसी की सजा की पुष्टिकरण और दोषियों की अपील पर आज (मंगलवार को) अपना फैसला सुनाया। अब दोषी चंद्र शर्मा और विक्रांत बख्शी पूरी उम्र जेल में रहेंगे, जबकि तेजिंदर पाल को कोर्ट ने बरी कर दिया गया है।

इस मामले में विस्तृत आदेशों के लिए हाईकोर्ट के ऑर्डर का इंतजार है।

युग के पिता विनोद गुप्ता ने कहा, उन्हें इंसाफ नहीं मिला। वह कोर्ट के फैसले से संतुष्ट नहीं है। उन्होंने कहा कि, हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देंगे। उन्होंने कहा- सेशन कोर्ट से फटाफट फैसला हो गया, हाईकोर्ट में 6 साल लग गए।

वहीं, न्यायाधीश विवेक सिंह ठाकुर व न्यायाधीश राकेश कैंथला की विशेष खंडपीठ ने पिछली सुनवाई के बाद अपना फैसला रिजर्व रखा था। यह मामला सत्र न्यायाधीश शिमला ने सजा के आदेशों की कन्फर्मेशन के लिए रेफरेंस के तौर पर हाईकोर्ट को भेज रखा था।

# जोजरी नदी में प्रदूषण हजारों गांवों का पीने का पानी जहरीला

### नौ अगस्त को फैसला सुनाएगा कोर्ट

**नई दिल्ली,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि वह राजस्थान की जोजरी नदी में प्रदूषण को लेकर स्वतः संज्ञान मामले में नौ अक्तूबर को फैसला सुनाएगा। यह मामला 20 लाख जानें खतरे में, जोजरी नदी में प्रदूषण, राजस्थान शीर्षक के तहत सुनवाई के लिए जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ के सामने पेश हुआ।

राजस्थान सरकार की ओर से पेश वकील से पीठ ने कहा, हम दशहरे की छुट्टियों के बाद इस मामले में आदेश के लिए तारीख तय करेंगे। इसके बाद अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख नौ अक्तूबर तय की। जब राज्य सरकार के वकील ने बताया कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने भी नदी में गंदा पानी छोड़े जाने को लेकर कुछ आदेश दिए हैं, तो पीठ ने कहा, हमें इसकी जानकारी है।

इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार के वकील को अनुमति दी कि यदि वह चाहें तो इस मामले में एक लिखित बयान दर्ज कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने



16 सितंबर को इस मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए कहा था कि नदी में छोड़ा जा रहा औद्योगिक कचरा सैकड़ों गांवों को प्रभावित कर रहा है। कोर्ट ने कहा था कि कपड़ा और अन्य कारखानों से निकलने वाला कचरा नदी में डाला जा रहा है, जिससे इंसानों और जानवरों दोनों के लिए पीने योग्य पानी उपलब्ध नहीं है। इससे लोगों की सेहत और स्थानीय पारिस्थितिकी प्रणाली पर बुरा असर पड़ रहा है।16 सितंबर को शीर्ष कोर्ट ने कहा था, यह कोर्ट राजस्थान की जोजरी नदी को लेकर स्वतः संज्ञान ले रही है, जहां टेक्सटाइल और टाइल फैक्ट्रियों से भारी मात्रा में औद्योगिक कचरा छोड़ा जा रहा है। इससे सैकड़ों गांवों में इंसानों और जानवरों दोनों के लिए पीने का पानी दूषित हो गया है। कोर्ट ने कहा था कि यह मामला चीफ जस्टिस (सीजेआई) के सामने रखा जाए, ताकि उचित आदेश दिए जा सकें और आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# 6.27 करोड़ में होगा भंगहा मन्दिर का सौंदर्यीकरण

## पर्यटन विभाग ने दी राशि, श्रद्धालुओं को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं



**बेतिया सदर(पश्चिम चंपारण बेतिया) ,एजेंसी।** चनपटिया प्रखंड के भंगहा स्थित ऐतिहासिक दुर्गामंदिर के विकास एवं सौंदर्यीकरण की सूचना मिलते ही पूरे क्षेत्र में हर्ष की लहर दौड़ गई। यह मंदिर वर्षों से स्थानीय लोगों की आस्था का प्रमुख केंद्र रहा है, जहां नवरात्र समेत वर्ष भर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रहती है। लेकिन मंदिर परिसर में पर्याप्त सुविधाओं के अभाव के कारण श्रद्धालुओं को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था।

मंदिर कमिटी के अध्यक्ष अरुण ओझा ने बताया कि अब तक मंदिर के देखरेख और छोटे-मोटे विकास कार्य मंदिर कमिटी ही अपने स्तर से करती आ रही थी। लेकिन इस बार विधायक उमाकांत सिंह के प्रयास से भंगहा दुर्गामंदिर को पर्यटन विभाग में शामिल कर लिया गया है।

### 6.27 करोड़ रुपये में होगा मंदिर का सौन्दर्यीकरण

उन्होंने कहा कि यह क्षेत्रवासियों के लिए गर्व की बात है और विधायक जी इस कार्य के लिए बधाई के पात्र हैं। पर्यटन विभाग द्वारा इस मंदिर के विकास हेतु 6.27 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इस बजट से मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण, श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक सुविधाओं का निर्माण, बेहतर सड़क संपर्क और आधुनिक व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

मन्दिर के पुजारी अरविंद दुबे ने बताया कि इस मंदिर की महिमा आपार है, जो जिस मन से यहाँ आता है माता सबका ख्याल रखती है, जो भी सच्चे मन से माँ के दरबार मे आता है माँ उसकी मनोकामना जरूर पूर्ण करती है।

कोषाध्यक्ष रामनारायण शुक्ला, सचिव पिन्टू ओझा,व्यस्थापक रामजी राय का कहना है कि इस निर्णय से न केवल चनपटिया बल्कि पूरे पश्चिम चंपारण जिले को धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से नई पहचान मिलेगी। भंगहा दुर्गामंदिर अब राज्य के प्रमुख धार्मिक स्थलों की श्रेणी में शामिल होगा, जिससे यहाँ श्रद्धालुओं के साथ-साथ पर्यटकों की संख्या भी बढ़ेगी और क्षेत्र के आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।

# शराब तस्करी रोकने के लिए 23 सीमावर्ती जिलों में 393 चेकपोस्ट बनेंगे

**पटना,एजेंसी।** विधानसभा चुनाव के दौरान बिहार में शराब तस्करी रोकने के लिए 23 सीमावर्ती जिलों में 393 चेकपोस्ट बनाए जाएंगे। साथ ही पड़ोसी राज्यों के जिलों में संवेदनशील स्थानों को चिह्नित कर 173 मिरर चेकपोस्ट भी बनेंगे। इसमें यूपी में 96, पश्चिम बंगाल में 34 और झारखंड में 46 मिरर चेकपोस्ट रहेंगे। एडीजी (मद्य निषेध) अमित कुमार जैन ने बताया कि चेकपोस्टों को तेजी से एक्टिव किया जा रहा है। राज्य में विधानसभा चुनाव को देखते हुए सीमावर्ती इलाकों में चौकसी बढ़ा दी गई है। शराब समेत अन्य सभी मादक पदार्थों और हथियारों की तस्करी पर नकेल कसने के लिए ये चेकपोस्ट बनाए जा रहे हैं।

पुलिस मुख्यालय में प्रेसवार्ता में एडीजी ने कहा कि इस साल जनवरी से अगस्त तक 6 लाख 20 हजार 322 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है। इसकी कीमत 72 करोड़ 64 लाख रुपए है। पिछले वर्ष हुई कार्रवाई से यह 16 प्रतिशत अधिक है।

# दर्दनाक हादसा:बागमती नदी में डूबने से बच्चें की मौत

## नवरात्रि के पहले दिन जलभरी के दौरान हुआ हादसा

**शिवहर,एजेंसी।** शिवहर जिले के पुरनहिया प्रखंड में नवरात्रि की शुरुआत एक दर्दनाक हादसे से हो गई। सोमवार की शाम परसौनी गोप वार्ड संख्या 9 निवासी बिकाऊ राउत का 16 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार कुमारी कन्याओं के साथ जलभरी करने बागमती नदी गया था। खुशी-खुशी शुरू हुआ यह धार्मिक कार्यक्रम अचानक मातम में बदल गया, जब सूरज गहरे पानी में चला गया और डूब गया। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया।

### जलभोजी के दौरान हुआ हादसा

परसौनी गोप वार्ड संख्या 9 निवासी बिकाऊ राउत का पुत्र सूरज सोमवार की शाम गांव की कन्याओं के साथ नदी पर गया था। इसी दौरान वह अचानक गहरे



पानी में उतर गया और वापस नहीं निकल सका।

**तलाश में नाकाम रही एसडीआरएफ :**घटना की सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। गोताखोरों ने शाम सात बजे तक नदी में तलाश की, लेकिन अंधेरा बढ़ने के कारण सफलता नहीं मिल सकी।

**मछुआरों ने देखा शव:**मंगलवार की दोपहर स्थानीय मछुआरों ने नदी में तैरता हुआ शव देखा। उन्होंने तुरंत परिजनों और पिपराली थाना को खबर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

**परिवार में पसरा मातम:**पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। घर में कोहराम मच गया है। मां-बाप का रो-रोकर बुरा हाल है।

# सड़क पार कर रहे शख्स को ट्रक ने कुचला, मौत

## कटिहार में स्थानीय लोगों ने हाईवे किया जाम, दो घंटे तक यातायात बाधित

**कटिहार,एजेंसी।** कटिहार में मंगलवार की सुबह सड़क पार कर रहे व्यक्ति की ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना पोठिया थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर हुई। मृतक की पहचान डूमर पंचायत के वार्ड नंबर 3 निवासी गजाधर शर्मा(58) के रूप में हुई है।

घटना के बाद स्थानीय लोगों ने हा-31 पर जाम लगा दिया। करीब दो घंटे तक यातायात बाधित रहा। ग्रामीणों का आरोप है कि हाईवे पर ट्रक चालकों की तेज रफ्तार और लापरवाह ड्राइविंग से लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। समेली प्रखंड क्षेत्र में ओवरटेकिंग से कई लोगों की जान जा चुकी है।

पोठिया थानाध्यक्ष नवीन कुमार, अपर



थानाध्यक्ष अमित कुमार और एएसआई हितेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। प्रशासन ने मृतक के परिजनों और ग्रामीणों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया।

### स्क्रसे मुआवजे की मांग

मृतक के परिवार ने जिला पदाधिकारी और एसपी से मुआवजे की मांग की है। राजद नेत्री कुमारी बेबी, प्रमुख अनुकम्पा कुमारी, उपप्रमुख कंचन देवी और जिला परिषद सदस्य कोमल कुमारी समेत कई जनप्रतिनिधि घटनास्थल पर पहुंचे।

उन्होंने प्रशासन से मुआवजे और एनएचएआई से स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की है। स्थानीय प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी है कि हाईवे पर सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई तो लोगों का आक्रोश बढ़ सकता है।

# बालू लदे ट्रैक्टर ने शख्स को कुचला, मौत लखीसराय में नाराज ग्रामीणों ने की सड़क जाम करने की कोशिश

**लखीसराय,एजेंसी।** लखीसराय में सोमवार की देर रात ट्रैक्टर के कुचलने से शख्स की मौत हो गई। घटना अमहारा गांव की है। मृतक की पहचान जटहा मांझी(55) के रूप में हुई है। वह किसी काम से घर से निकले थे।

इसी दौरान गांव से गुजर रहा बालू लदा ट्रैक्टर बेकाबू होकर उन्हें कुचल दिया। घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। भागने की कोशिश कर रहे ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने ट्रैक्टर को भी अपने कब्जे में ले लिया है। घटना से नाराज ग्रामीणों ने सड़क जाम करने की कोशिश की। पुलिस ने समझा-बुझाकर स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

**प्रशासन से कार्रवाई की मांग:**ग्रामीणों का कहना है कि अवैध बालू ढुलाई के कारण ऐसे हादसे लगातार हो रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही गांव में भारी वाहनों का परिचालन रोकने की भी मांग की है। गांव में शोक का माहौल है और मृतक के परिजन दुख से टूटे हुए हैं।

# समस्तीपुर में दिव्यांगजनों ने निकाली साइकिल रैली

## विधानसभा चुनाव को लेकर जनता को किया जागरूक, पहले मतदान फिर जलपान करने की अपील

**समस्तीपुर,एजेंसी।** समस्तीपुर में कलेक्ट्रेट परिसर से आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर दिव्यांगजनों ने वोटर जागरूकता साइकिल रैली निकाली। एनडीसी सह जिला एवं सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी रजनीश राय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली कलेक्ट्रेट से निकलकर हॉस्पिटल गोलंबर, बीआरबी कॉलेज होते हुए मोहनपुर पुल पहुंचा। वहां से पटेल मैदान में आकर समापन हुआ।

रैली में शामिल लोगों ने आम जनता से विधानसभा चुनाव में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया। कहा कि आपका एक वोट स्वच्छ व निष्पक्ष सरकार बनाने में मदद करेगी। इसलिए सभी लोग वोटिंग के दिन पहले मतदान करें, फिर कोई दूसरा काम करें। मतदान आपका अधिकार है इसका उपयोग अधिकार पूर्वक होना चाहिए।

**वोट के प्रति लोगों को जागरूक करना मुख्य उद्देश्य:**मौके पर जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी ने कहा कि जल्द ही बिहार में विधानसभा चुनाव की घोषणा होने



वाली है। जिसको देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से लगातार जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है। कुछ दिन पहले ही पिंक रैली निकाली गई थी। फिर छात्रों द्वारा साइकिल रैली भी निकाली गई। आज दिव्यांगों की ओर से साइकिल रैली निकाली गई है।

# पूर्णिया में धू-धूकर जली स्कॉर्पियो : स्टेशन के पार्किंग एरिया में खड़ी थी गाड़ी

## बाल-बाल बची ऑनर की जान,फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

**पूर्णिया,एजेंसी।** पूर्णिया में रेलवे स्टेशन के पार्किंग एरिया में खड़ी स्कॉर्पियो में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते गाड़ी धू-धूकर जलने लगी। मामले की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। एक घंटे की मशक्कत के बाद काबू पाया। घटना बनमनखी अमृत भारत स्टेशन के पार्किंग एरिया की है।

निगरानी कमेटी के जिला उपाध्यक्ष गोपाल सिंह और सांसद प्रवक्ता मीडिया प्रभारी त्रिभुवन कुमार ने बताया कि गाड़ी मालिक स्कॉर्पियो को पार्किंग में खड़ी करके स्टेशन पर गया था। इसी बीच गाड़ी से पहले धुंआ उठा और फिर आग लग गई। जब तक लोग कुछ समझ पाते इंजन एरिया में भयानक आग लग गई।

गनीमत रही कि जिस वक्त



स्कॉर्पियो में आग लगी थी, उसके अंदर कोई मौजूद नहीं था। वरना लपटें इतनी तेज थी कि उससे बाहर निकलना मुश्किल हो जाता। आग लगते ही लोग अपनी-अपनी गाड़ी हटाने लगे। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने आग पर काबू पाया। इस तरह एक बड़ा हादसा टल गया।

**शॉर्ट सर्किट से आग की आशंका:**शुरुआती जांच में गाड़ी की वायरिंग में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है।

# विहिप का धर्मांतरण और लव जिहाद के विरोधी अभियान

## 11 से 17 अक्टूबर तक सिमरिया में विष्णु महायज्ञ

छपरा, सारण,एजेंसी। विश्व हिंदू परिषद ने अवैध धर्मांतरण और लव जिहाद के खिलाफ जन जागरण अभियान शुरू किया है। रिविलगंज प्रखंड के सिमरिया स्थित श्रीनाथजी मंदिर में चातुर्मास कर रहे स्वामी राघवाचार्य जी से विहिप के जिला धर्म प्रसार प्रमुख अरुण पुरोहित ने विचार-विमर्श किया।

स्वामी राघवाचार्य जी ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में धर्म और माता-पिता का साथ नहीं छोड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने कठिन परिस्थितियों में भी सनातन धर्म नहीं छोड़ा। विहिप के जिला धर्म प्रसार प्रमुख अरुण पुरोहित ने बताया कि धर्म परिवर्तन करने वाले संविधान द्वारा मिलने वाले आरक्षण और सरकारी योजनाओं से वंचित हो जाते हैं।

11 से 17 अक्टूबर तक



विष्णु महायज्ञ का आयोजन

विहिप घर-घर पत्रिका वितरण और संतों के प्रवचनों के माध्यम से लोगों को जागरूक कर रही है। जासा टोला वार्ड नंबर 10 के स्थानीय लोग भी इस अभियान से जुड़ गए हैं।

स्वामी जी ने श्रद्धालुओं से धर्मांतरण न करने का संकल्प कराया। 11 से 17 अक्टूबर तक श्रीनाथ घाट सिमरिया में विष्णु महायज्ञ का आयोजन होगा। इस दौरान धर्मांतरण के विरुद्ध विशेष शिविर लगाकर जन जागरण अभियान चलाया जाएगा।

# साइकिल-बाइक की टक्कर में 2 की मौत, एक घायल

## बक्सर में अपने-अपने घर जा रहे थे तीनों, संतुलन खोने से हादसा

**बक्सर,एजेंसी।** बक्सर जिले के रामगढ़ के समीप सोमवार की रात एनएच-922 पर सड़क हादसा हुआ। साइकिल और बाइक की आमने-सामने की टक्कर में दो लोगों की मौके पर मौत हो गई। एक व्यक्ति घायल हो गया। ग्रहथा कला निवासी लाल मोहर बिंद (51) साइकिल से घर लौट रहे थे। ग्रहथा खुर्द निवासी भोला पासवान अपने साथी भगत राम (35) के साथ बाइक से घर की ओर जा रहे थे। रामगढ़ के समीप दोनों वाहनों की टक्कर हो गई।

टक्कर में साइकिल सवार लाल मोहर बिंद और बाइक चालक भोला पासवान की मौके पर मौत हो गई। बाइक पर पीछे बैठे भगत राम घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सभी लोग ब्रह्मपुर से अपने गांव लौट रहे थे। तेज रफ्तार और संतुलन खोने से हादसा हुआ।



### घायल को पहुंचाया अस्पताल

थानाध्यक्ष बृजेश कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। दोनों मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए बक्सर सदर अस्पताल भेजा गया। घायल भगत राम को भी अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने उनकी हालत नाजुक बताई है।हादसे की खबर से क्षेत्र में शोक छा गया। मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीण शोक संतप्त परिवारों को सांत्वना देने पहुंच रहे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# भागलपुर में रास्ते के विवाद में खूनी संघर्ष

**भागलपुर,एजेंसी।** भागलपुर में रास्ते के विवाद में एक ही परिवार के लोग आपस में भिड़ गए। भतीजों ने अपने 2 चाचा और चचेरी बहन पर चाकू-तलवार से हमला कर दिया। चाचा विजय ठाकुर(60) के हाथ और जांघ में चाकू लगी है। धनराज(50) के पेट पर तलवार से हमला किया। जबकि धनवार की बेटी अंशु के हाथ पर चाकू से वार किया गया है। घटना अकबरनगर थाना क्षेत्र के इंग्लिश चिचरौन गांव की है।

### तलवार और चाकू से मारा

पीड़ित विजय ठाकुर ने बताया कि मैं चार भाई हूं। पिछले छह महीने से मंझले भाई फुतेश्वर से रास्ते को लेकर विवाद चल रहा था। आज(मंगलवार) सुबह रास्ते पर मिट्?टी काटकर पानी बहा। विरोध करने पर फुतेश्वर के बेटे पवन और कुंदन ने पहले ईंट-पत्थर चलाए। फिर तलवार और चाकू से हमला कर दिया। इलाज के लिए पहले सुल्तानगंज रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने तीनों को भागलपुर के मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया। धनराज की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### जांच में जुटी पुलिस

वहीं, इस संबंध में डीएसपी नवनीत कुमार ने बताया की जख्मी को इलाज के लिए भेजा गया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

# गंगा नदी में वाटर मेट्रो बोट का रूट विस्तार होगा

## दीघा घाट से सोनपुर के बीच भी सफर कर सकेंगे

**पटना,एजेंसी।** पर्यटन विभाग ने गंगा में वाटर मेट्रो के रूट विस्तार का निर्णय लिया है। पहले दीघा से कंगन घाट के बीच वाटर मेट्रो बोट शुरू होगी। दूसरे फेज में दीघा घाट से सोनपुर के बीच इसका परिचालन होगा। इससे पर्यटकों और आम लोगों को सोनपुर जाने के लिए गांधी व जेपी सेतु के अलावा अतिरिक्त मार्ग मिलेगा।

पर्यटन निगम के अधिकारी की मानें तो दीघा से कंगन घाट के बीच परिचालन शुरू होने के महीने भर के अंदर सोनपुर के लिए मेट्रो बोट चलाने का लक्ष्य है। शुरुआत दो बोट से की जाएगी। जरूरत पर बोट की संख्या बढ़ाई जाएगी। इसको लेकर पर्यटन विभाग और भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के बीच अक्टूबर में बैठक होगी। बोट चलाने के लिए योजना बनाई जाएगी।

### दीघा और गांधी घाट पर चार्जिंग स्टेशन बनेगा

दीघा से कंगन घाट के बीच वाटर मेट्रो



बोट चलाने की तैयारी हो रही है। वाटर मेट्रो बोट इलेक्ट्रिक है। इसे चार्ज करने के लिए दीघा घाट, गांधी घाट और कंगन घाट पर एक-एक चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। फिलहाल दीघा और गांधी घाट पर चार्जिंग स्टेशन बनेगा। इमरजेंसी के लिए कंगन घाट पर एक स्टेशन होगा। पटना क्षेत्रीय आईडब्लूएआई ने बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन किया है। दो-तीन दिन में कनेक्शन मिल जाएगा।

### गंगा की धारा के साथ प्रति घंटा 20 किलोमीटर चलेगी

वाटर मेट्रो बोट गंगा की धारा के साथ एक घंटे में 20 किमी, जबकि विपरीत में 12 किमी का सफर तय करेगी। बोट में इलेक्ट्रिक और डीजल, दो तरह के इंजन हैं। नदी में सफर के दौरान चार्ज खत्म होने पर डीजल से चलेगी। दीघा से कंगन घाट की दूरी करीब 15 किमी है। इसलिए दो जगहों पर चार्जिंग स्टेशन दिया जाएगा। गांधी घाट पर बोट को रोककर चार्ज किया जाएगा। बोट के अंदर की बनावट मेट्रो कोच की तरह है। सिटिंग चेयर है। एक सिटिंग चेयर में चार-पांच लोग बैठ सकेंगे। साथ ही खड़े होकर भी सफर कर सकेंगे। खिड़की में ग्लास लगी होगी। इस पर पार्टी या फंक्शन की सुविधा नहीं होगी।

# रक्सौल बॉर्डर पर सूडानी नागरिक गिरफ्तार

## स्टूडेंट वीजा पर आया था भारत3 साल पहले हुआ एक्सपायर

**रक्सौल,एजेंसी।** रक्सौल के इंडो-नेपाल बॉर्डर पर एक सूडानी नागरिक को बिना वैध वीजा के पकड़ा गया है। मुर्तदा कमल हामिद मोहम्मद नाम का यह व्यक्ति सोमवार शाम को रक्सौल स्थित आव्रजन कार्यालय में नेपाल जाने की अनुमति लेने पहुंचा था। दस्तावेजों की जांच में पता चला कि उसके पास न तो वैध वीजा है और न ही इमिग्रेशन स्टाम्प।

जांच में सामने आया कि मुर्तदा 2018 में गुरुग्राम के स्टारेक्स यूनिवर्सिटी में बीसीए की पढ़ाई के लिए स्टूडेंट वीजा पर भारत आया था। उसका वीजा 20 दिसंबर 2022 को समाप्त हो गया था। इसके बावजूद वह पिछले तीन वर्षों से भारत में अवैध रूप से रह रहा था।

**2032 तक वैध है**



**पासपोर्ट:**आरोपी के पास पासपोर्ट नंबर P 09193792 है। यह पासपोर्ट 21 मार्च 2022 से 20 मार्च 2032 तक वैध है। लेकिन इस पर भारत में प्रवेश का कोई वैध वीजा या इमिग्रेशन स्टाम्प नहीं है। अधिकारियों ने उसे कानूनी कार्रवाई के लिए हरैया थाना, पूर्वी चंपारण को सौंप दिया है। अब जांच की जा रही है कि वह पिछले तीन वर्षों में किन गतिविधियों में संलग्न था।

## घर का दरवाजा तोड़ हजारों के सामान की चोरी

**दैनिक खोज खबर/पानापुर(सारण)।** थाना क्षेत्र के मुड़वा गांव में सोमवार की रात चोरों ने लक्षण पंडित के घर का दरवाजा तोड़ हजारों रुपये मूल्य के कीमती सामान की चोरी कर ली .बताया जाता है कि चोर लक्षण पंडित के घर का मुख्य दरवाजा तोड़ घर मे घुस गए एवं जिस घर मे घर के सदस्य सो रहे थे उसे बाहर से बंद कर दिया . चोरों ने अन्य कमरे का दरवाजा तोड़ दिया एवं उसमें रखे दो बक्से ले कर फरार हो गए .आवाज सुनकर घर के सदस्य जागे लेकिन चोरों ने उस कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया था .घरवालों ने शोर मचाया जिसके बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुँचे .घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस रात में ही पहुँची एवं मामले की छानबीन की .चोरों ने धोबवल चंवर में बक्से तोड़ कीमती सामान निकालकर बक्सा फेंक दिया था .

## खैरा थाना में शांति समिति की बैठक हुई संपन्न

**दैनिक खोज खबर/नगरा (सारण)।** खैरा थाना परिसर में थाना अध्यक्ष अखिलेश पासवान की अध्यक्षता में दुर्गा पूजा के मद्दे नजर शांति समिति की बैठक की गई। इस बैठक में थाना अध्यक्ष ने बताया कि दुर्गा पूजा आपसी सौहार्द का त्यौहार है सभी लोग इसको मिलजुल के मनाए ।वहीं उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी हुई है। यदि कहीं भी कोई गड़बड़ी फैलाने का प्रयास किया तो उसके ऊपर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी साथ में उन्होंने यह भी बताया कि प्रशासन के द्वारा जारी दिशा निर्देश के तहत ही आप लोग दुर्गा पूजा का त्योहार मनाए। डीजे एवं आर्केस्ट्रा पर प्रतिबंध के बारे में भी उन्होंने बताया। उक्त अवसर पर खैरा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अनिल सिंह, कोरिया पंचायत के मुखिया ललित प्रसाद यादव, खैरा पंचायत के सरपंच योगेंद्र सिंह, पूर्व मुखिया शत्रुघन भक्त सहित दर्जनों व्यक्ति तथा विभिन्न पूजा कमेटी के अध्यक्ष एवं सदस्य उपस्थित थे।

## एकमा में एनडीए की टिकट पर घमासान, पूर्व विधायक का बयान सोशल मीडिया पर वायरल

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर (एकमा)।** जदयू के पूर्व विधायक मनोरंजन सिंह उर्फ धूमल सिंह ने कहा है कि कामेश्वर सिंह मुन्ना को यदि एनडीए का टिकट मिल गया...तो मैं संन्यास ले लूंगा. पूर्व विधायक मनोरंजन सिंह उर्फ धूमल सिंह का यह बयान इन दिनों सोशल मीडिया पर खुब वायरल हो रहा है, जो राजनीतिक गलियारे में लोगों के बीच चर्चा का विषय बना है. दो दिनों पूर्व पत्रकारों व कुछ यूट्यूबर ने बातचीत के क्रम में जब पूछा कि एकमा विधान सभा क्षेत्र से लोजपा (रा) के नेता कामेश्वर सिंह मुन्ना को यदि टिकट मिला तो ऐसी स्थिति में उनकी रणनीति क्या होगी. इसपर पूर्व विधायक धूमल ने दो टूक में कहा कि तो मैं संन्यास ले लूंगा. इसके पहले पत्रकारों से बातचीत में विधायक धूमल ने कहा कि टिकट तो जनता देती है और मुझे अपने कार्यकाल में किए गए विकास की बदौलत अपनी जनता पर पूर्ण विश्वास और भरोसा है. बताया जाता है कि जदयू के किसी कार्यक्रम में शामिल होने गए पूर्व विधायक मनोरंजन सिंह उर्फ धूमल सिंह से बार बार एक हीं सवाल दुहराने पर उन्होंने संन्यास लेने की बात कह दी. वहीं यदि कार्यकर्ताओं की बातों पर गौर करें तो यह एक व्यंग्य भी हो सकता है तो वहीं एकमा विधान सभा में टिकट की दावेदारी के बीच पूर्व विधायक धूमल सिंह के इस बयान की चर्चा जमकर सोशल मीडिया पर हो रही है और लोग इसपर कॉमेंट भी कर रहे हैं.

**बयान के बाद गरमाई सियासत** –पूर्व विधायक धूमल के इस बयान से एकमा विधान सभा क्षेत्र में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गयी है तो वहीं एनडीए के उम्मीदवार की फाइनली घोषणा पर सबकी निगाहें टिकी है.

## बैंक अधिकारियों ने सीएसपी उपभोक्ताओं को योजनाओं के बारे में दी जानकारी

**दैनिक खोज खबर/परसा (सारण)।** स्टेटबैंक के अधिकारियों ने प्रखंड के तीतिरा पंचायत भवन परिसर में मंगलवार को स्टेट बैंक सीएसपी के उपभोक्ताओं के साथ एक बैठक कर विभिन्न बैंक सुविधाओ से अवगत कराया । व सीएसपी संचालक सुभाष कुमार गुप्ता को बैंक से जुड़े जीविका दीदी संबंधी कार्यो को यथाशीघ्र निष्पादन करने का दिशा निर्देश दिया।वही इस बैठक में स्टेट बैंक शाखा परसा से जुड़े शंकरडीह सीएसपी के सैकड़ो उपभोक्ता शामिल हुए। इस अवसर पर स्टेट बैंक शाखा के जीएम आर नटराजन,डीसी गुड्डू खान,आदर्श कुमार,शाखा प्रबंधक आलोक कुमार सिन्हा, फील्ड आफिसर कुणाल कुमार ने संयुक्त रूप से मौजूद उपभोक्ताओं को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति जीवन योजना,सुरक्षा योजना,अटल पेंशन योजना के तहत बैंक शाखा से मिलने वाली सुविधाओं को लेकर केवाईसी व आर केवाईसी यथाशीघ्र कराने सहित कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी ।इस दौरान सीएसपी संचालक सुभाष कुमार गुप्ता, मुखिया बबली कुमारी,सरपंच प्रतिनिधि भागवत राय, सत्येन्द्र कुमार,नवल कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## परसा पुलिस ने उतिमपुर में छापेमारी कर 67 लीटर अंग्रेजी शराब किया बरामद, तस्कर फरार

**दैनिक खोज खबर/परसा (सारण)।** परसा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के उतिमपुर गांव में सोमवार की देर रात बड़ी कार्रवाई की। थानाध्यक्ष के नेतृत्व में की गई छापेमारी में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की गई। पुलिस के मुताबिक उतिमपुर निवासी ललन सिंह के घर के पीछे शराब की खेप छिपाकर रखी गई थी, जिसे सप्लाई करने की तैयारी चल रही थी।छापेमारी के दौरान रॉयल स्टेज 12 पीस, ब्लेंडर चार पीस, ऑफिसर चॉइस 48 पीस और 8 पीएम के 214 पीस अलग अलग ब्रांड की कुल लगभग 67 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुई। हालांकि पुलिस की कार्रवाई की भनक लगते ही मुख्य आरोपी मौके से फरार हो गया । थानाध्यक्ष ओमप्रकाश ने बताया कि उत्पाद अधिनियम के तहत उतिमपुर निवासी ललन सिंह का पुत्र श्रीकांत कुमार उर्फ भोदा को नामजद अभियुक्त बनाया गया है।उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। वही शराब तस्करी के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी पहचान की जा रही है । जल्द ही इस मामले में और गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

## इसुआपुर थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक

**इसुआपुर(सारण )।** इसुआपुर थाना परिसर में थानाध्यक्ष कमल कुमार राम के नेतृत्व में दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्षों के साथ एक बैठक आयोजित की गई .जिसमें प्रखंड के सभी पूजा समिति के अध्यक्ष उपस्थित हुए. इस मीटिंग में थाना अध्यक्ष कमल राम ने बताया की नए नियम के अनुसार मूर्ति की ऊंचाई 20 फीट पंडाल की ऊंचाई 40 फीट ही होनी चाहिए .वहीं मेले में खतरनाक झूला नहीं लगाना है .पंडाल में अस्थाई मीटर लगाकर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करनी होगी. मेले में या जुलूस में जातिगत या अश्लील गाने नहीं बजने होंगे. डीजे पर भी पाबन्दी रहेगा. वहीं उन्होंने कहा कि जितने भी पूजा कमेटी के आयोजक हैं उनको अपने कमेटी के सदस्यों को आई कार्ड बना कर देना होगा . सरकार द्वारा बताए गए समय के अनुसार ही मूर्ति का विसर्जन करना होगा. उन्होंने कहा कि जहां पर रावण वध होता है उसके लिए खुले स्थान में रावण वध करना होगा.रावण वध के लिए रावण का पुतला मेले से दूरी पर बनाना होगा ताकि रावण वध के समय किसी तरह के अनहोनी ना हो सके. मौके पर सुशील कुमार सिंह, अमरनाथ प्रसाद, जितेंद्र कुमार सिंह, विजय सिंह, सरपंच संतोष सिंह, धर्मेंद्र सिंह, आलोक नाथ राम, अमीर साह, किशोर सिंह कुशवाहा, राजेंद्र शर्मा, सुरेंद्र राम, सूरज कुमार, मिथिलेश कुमार ठाकुर, मधुसूदन सिंह, मनोज सिंह सहित दर्जनों उपस्थित थे.

## देसी शराब के साथ एक धंधेबाज गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर (एकमा)।** शराब धंधेबाजों के खिलाफ पुलिस ने कड़ा रूख अख्तियार किया है. सोमवार की देर संध्या गुप्त सूचना के आधार पर स्थानीय थाना पुलिस ने चनचौरा पंचायत अंतर्गत क्षेत्र के बंशी छपरा गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के सटे एक घर में छापेमारी कर एक लिटर देसी शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया.गिरफ्तार धंधेबाज बंशी छपरा गांव निवासी बिनोद सिंह का पुत्र पियुष कुमार सिंह बताया जाता है ।

# गड़खा : पोखरा में स्नान करने के दौरान डूबने से चार बच्चों की हुई मौत

### गड़खा थाना क्षेत्र के फुर्सतपुर चंवर स्थित पोखरा में डूबने से हुई मौत

**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** गड़खा थाना क्षेत्र में मंगलवार की दोपहर हृदय विदारक हादसा हो गया। ठीकहा मरीचा गांव के चार बच्चों की पोखरा में डूबने से मौत हो गई। मृतकों में गड़खा थाना क्षेत्र के ठीकहा मरीचा गांव के मैनेजर सिंह के 13 वर्षीय पुत्र कृष्णा कुमार और 11 वर्षीय पुत्र अंकुश कुमार, दारोगा सिंह के 15 वर्षीय पुत्र आशीष कुमार और मुंशीलाल सिंह के 12 वर्षीय पुत्र मुन्ना कुमार शामिल हैं। मृत सभी बच्चे आपस में चचेरे भाई हैं। सूचना मिलते ही सीओ नीली यादव और थानाध्यक्ष शशि रंजन कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। बताया जा रहा है कि सभी बच्चे तालाब में नहाने गए



थे। इसी दौरान सभी गहरे पानी में चले गए। देखते देखते सभी बच्चे डूबने लगे। एक बच्चा किसी तरह बाहर निकल गया जबकि चार बच्चों की इस हादसे में डूबने से मौत हो गई। वहीं कुछ लोगों का कहना था कि पैर फिसलने से यह हादसा हुआ और सभी बच्चे पोखरे में जा गिरे। आसपास मौजूद लोगों को जैसे ही इस हादसे की जानकारी हुई, बड़ी संख्या में लोग वहां जुट गए। लोगों ने सभी बच्चों को पानी भरे गड्ढे से बाहर निकाला, लेकिन सबों की मौत हो चुकी थी। बच्चों के पोखरा में डूबने की खबर जब परिवार वालों को हुई, वे भागे भागे मौके पर पहुंचे। वहां सब के सब चीखने-चिल्लाने लगे। मृतकों के शवों को देखकर परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था। इस हादसे के बाद इनके घरों में मातम पसरा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया है। सीओ नीली यादव ने कहा कि मृतकों के परिजनों को नियमानुसार सहायता राशि दी जाएगी।

## राज्य सरकार की उपलब्धियो से बेहतर हुआ है बिहार- प्रमोद सिग्रीवाल

**दैनिक खोज खबर/जलालपुर(सारण)।** राज्य सरकार की अनेक उपलब्धियां हैं जिससे बिहार बेहतर हुआ है, उक्त बातें युवा नेता प्रमोद सिग्रीवाल ने मांझी विधानसभा के हसुलाही बाजार पर कही। वे राज्य सरकार की उपलब्धियां को लोगों तक पहुंचाने के लिए एन डी ए द्वारा आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में पहुंचे हुए थे।उन्होंने कहा कि अब तक 1.67 करोड़ परिवारों को 125 यूनिट मुफ्त बिजली मिल रही है, वही 50 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी मिली है। बिहार की बेटियों के लिए 35त्न का आरक्षण दिया गया



है जिससे उनके नौकरी केअवसर बढे हैं। चार करोड़ से अधिक बिहार वासियों को आयुष्मान कार्ड से मुफ्त इलाज हो रहा है। उन्होने कहा कि मोदी सरकार द्वारा लोगो को सरल टैक्स का बड़ा उपहार मिला है, जीएसटी कम हुआ है और उसके प्रभाव से सामान सस्ते और जीवन आसान हुआ है।उन्होंने राज्य सरकार की उपलब्धियों से युक्त पर्ची को लोगों के बीच वितरित किया।मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष कुश पांडेय,मुकेंद्र सिंह,अमरेंद्र कुमार मिश्रा, सत्येंद्र प्रसाद, दिनेश सिंह, अजय सिंह,सत्यम गौतम सहित दर्जनों अन्य भी थे।

## ब्रह्मस्थान के चबूतरे पर बैठकर मांस खाने का वीडियो वायरल

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** मांझी नगर पंचायत के उत्तर टोला ब्रम्हस्थान के चबूतरे पर बैठकर कथित रूप से मांस खाने का वीडियो वायरल होने के बाद स्थानीय ग्रामीण आक्रोशित हो गए। मामला रविवार की रात का बताया जाता है। इधर मंगलवार की सुबह उत्तर टोला के ग्रामीण एकत्र होकर पुलिस को मामले की सूचना दी तथा त्वरित कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों की शिकायत के बाद पहुंची मांझी थाना पुलिस ने गम्भीरता पूर्वक मामले की जानकारी ली। ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि गांव के ही तुला नट का पुत्र सेराज नट रविवार की रात ब्रम्ह स्थान के चबूतरे पर बैठकर कथित तौर पर शराब के नशे में धुत होकर आपत्तिजनक व बेतरतीब ढंग से मांस का सेवन कर रहा था। बताते हैं कि एक समुदाय विशेष के लोग यहां पूजा पाठ करते है। पूजा स्थल पर यह वाक्या देखकर आसपास के युवक नाराज हो गए तथा उसे खदेड़कर वहां से भगा दिया। कई ग्रामीणों ने बताया कि चबूतरे पर वह आये दिन इस तरह की हरकत करता है। मामले की गम्भीरता को देखते हुए थानाध्यक्ष आशीष कुमार ने मौके पर ही शांति समिति की बैठक बुलाकर आरोपित पक्ष को कड़ी फटकार लगाई तथा दुबारा इस प्रकार की हरकत करने पर जेल भेजने की चेतावनी दी। बाद में नाराज लोगों को किसी तरह समझा बुझा कर शांत कराया गया। थानाध्यक्ष आशीष कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मांझी नगर पंचायत के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि बिट्टू राय, उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि कृष्णा सिंह पहलवान, पैक्स अध्यक्ष विजय सिंह, तारकेश्वर सिंह, सन्तोष सिंह,अनिल शर्मा,प्रकाश सिंह,भोला शर्मा तथा अमरजीत सिंह सहित दोनों पक्षों के दर्जनों ग्रामीण आदि शामिल हुए।

## मांझी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** नवरात्रि पर्व के मद्देनजर मांझी थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। मांझी के थानाध्यक्ष आशीष कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मूर्तिपूजा अथवा विसर्जन में डीजे व आर्केस्ट्रा पर पूर्ण प्रतिबंध की जानकारी दी गई। बैठक में सभी पूजा समितियों को लाइसेंस बनाने तथा पूजा पंडालों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्देश दिया गया। बैठक में पूर्व मुखिया विजय सिंह,उमाशंकर ओझा,भोली खान,धनेश साह।सरपंच। अरुण सिंह तथा नागेन्द्र ठाकुर समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।



# बड़हरिया : महावीरी मेला के दौरान लकड़ीनुमा गदा से सिर पर वारकर मुखिया पति की हत्या

**परवेज अख्तर/सीवान।** सिवान के बड़हरिया थाना क्षेत्र के बाबूहाता गांव में मंगलवार की देर शाम महावीरी मेला के दौरान एक युवक ने लकड़ीनुमा गदा से रसूलपुर पंचायत की मुखिया बेबी देवी के पति सह शेखपुरा निवासी संजय मांझी के सिर पर वार कर उनकी हत्या कर दी। घटनास्थल पर मौजूद मजिस्ट्रेट व बड़हरिया थानाध्यक्ष ने स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने संजय मांझी को सदर अस्पताल लाया जहां डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद मेला में अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया ,स्थानीय लोग मेला से भागने लगे। घटना की सूचना मिलते ही सदर एसडीपीओ अजय कुमार सिंह, नगर थाना इंस्पेक्टर राजू कुमार सदर अस्पताल पहुंचाकर मामले की जांच की। हमलावर युवक बड़हरिया थाना क्षेत्र के शेखपुरा निवासी है। घटना का कारण मृत संजय मांझी के साथ आपसी विवाद बताया जा रहा है। सूचना प्रेषण तक हमलावर की गिरफ्तारी नहीं हो सकी थी। मिली जानकारी अनुसार बाबू हाता में मंगलवार की देर शाम महावीरी मेला का आयोजन किया गया था। मेला के लिए जुलूस निकाला जा रहा था इस दौरान मुखिया पति संजय मांझी भी प्रशासन के साथ चल रहे थे। मेला के अंदर पांच से छह लोग एक स्थान पर थे। उसमें से एक युवक ने लकड़ी से बने गदा से मुखिया पति के सिर पर वार कर दिया, इससे मुखिया पति वहीं घायल होकर गिर गए और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई।

## शादी की नीयत से नाबालिग का अपहरण

**हुसैनगंज(सिवान)।** थाना क्षेत्र के एक गांव से शादी की नीयत से एक नाबालिग का अपहरण बहला-फुसलाकर कर लिया गया है। इस संदर्भ में लड़की की मां ने 20 सितंबर को थाने में आवेदन देते हुए कहा है कि सिसवन थाना के चैनपुर निवासी मोनू राम विगत छह महीने से मेरे गांव में अपनी मौसी के घर रहता था। इसी बीच मेरी पुत्री से उसकी जान पहचान हो गई थी। 20 सितंबर को अपने पुत्र का इलाज कराने सिवान गई थी। मोनू राम अपने दो भाइयों के सहयोग से मेरी पुत्री का अपहरण कर लिया है। इसमें मेरे गांव के संजय राम एवं उसकी पत्नी की भी भूमिका है। थानाध्यक्ष छोटन कुमार ने बताया कि सभी पांचों आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी कर कार्रवाई की जा रही है।

## दो ट्रकों की टक्कर में चालक घायल

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** थाना क्षेत्र के चोरौली बाजार में मंगलवार की सुबह एनएच 331 पर खड़े ट्रक में विपरीत दिशा से तेज गति से आ रहे दूसरे ट्रक ने टक्कर मार दिया इससे खड़े ट्रक का चालक घायल हो गया तथा उसकी वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद चालक अपना ट्रक लेकर भागने में सफल रहा। वहीं घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच क्षतिग्रस्त ट्रक को अपने निगरानी में ले लिया। दुकानदारों ने बताया कि एक ट्रक का चालक चोरौली बाजार पर चाय पी रहा था। चाय पीने के बाद जब चलने लगा तभी एक बाइक चालक सड़क पर गिर पड़ा। बाइक चालक को बचाने में जैसे ही वह मुड़ा तभी सामने से आ रहे दूसरे ट्रक ने उसके ट्रक में टक्कर मार दिया जिससे वह घायल हो गया तथा ट्रक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

## सरयू नदी का जलस्तर घटना शुरू

**गुठनी (सिवान)।** जिले के दक्षिणी छोर से होकर बहने वाली सरयू नदी का जलस्तर फिर से घटना शुरू हो गया है। इससे किसानों ने राहत की सांस ली है। वहीं खेतों में जमा बाढ़ का पानी भी धीरे-धीरे निकलने लगा है। बाढ़ विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार को दरौली में सरयू नदी जलस्तर 60.98 मीटर दर्ज किया गया जबकि यहां खतरे का निशान 60.82 मीटर निर्धारित किया गया है अर्थात यहां नदी का जल स्तर खतरे के निशान से 0.16 मीटर ऊपर है। वहीं सिसवन में नदी का जलस्तर 56.92 मीटर दर्ज किया गया, जबकि यहां खतरे का निशान 57.04 मीटर निर्धारित किया गया है अर्थात नदी का जलस्तर खतरे के निशान से 0.12 मीटर नीचे है। बाढ़ विभाग के पदाधिकारियों ने बताया कि सोहागरा से सिसवन तक बाढ़ विभाग के पदाधिकारी और कर्मी लगातार निगरानी कर रहे हैं, लेकिन फिलहाल जलस्तर कम हो रहा है। अब जलस्तर सामान्य होने की संभावना है। बाढ़ विभाग के एसडीओ अमजद अली ने बताया कि अब जलस्तर में कमी होना शुरू हो गया है। स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो जाएगी।

## सर्वाइकल कैंसर से बचाव को ले 90 छात्राओं को लगाए गए टीके

**आंदर (सिवान)।** प्रखंड के रकौली स्थित उत्क्रमित मध्य सह उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में मंगलवार प्रधानाध्यापक प्रशांत कुमार सिंह की देखरेख व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. दीपक कुमार के निर्देश पर स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत शिविर लगाकर सर्वाइकल कैंसर से बचाव को लेकर छात्राओं को टीका लगाए गए। इस दौरान नौ से 14 आयु की छात्राओं को शिक्षक धर्मवीर सिंह, सुदक्षिणा कुमारी के सहयोग से चिकित्सा पदाधिकारी डा. रानी कुमारी द्वारा एचवीपी का टीका लगाया गया। प्रधानाध्यापक ने बताया कि मध्य विद्यालय के 58 व उच्च विद्यालय की 32 छात्राओं को टीका लगाया गया है। इस मौके परदौ फार्मासिस्ट नीरज कुमार, एएनएम विमला कुमारी, पूजा कुमारी, लैब टेक्नीशियन नीतीश कुमार सिंह समेत दर्जनों स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## जीएसटी कम होने से प्रतीक हीरो में ग्राहकों की आवक बढ़ी

**सिवान।** जीएसटी के स्लैब में बदलाव का सकारात्मक प्रभाव बाइक बाजार पर दिखने लगा है। जीएसटी दर में कमी से ग्राहकों में भी काफी उत्साह दिख रहा है। नवरात्रि के पहले दिन ही शहर के गोपालगंज रोड में टड़वा स्थित प्रतीक हीरो शोरूम में सुबह से ही उत्सवी माहौल में ग्राहकों ने बाइक की खरीदारी शुरू कर दी। शोरूम के प्रबंधक अभिषेक राय ने कहा कि सामान्य रूप से जहां प्रतिदिन दो से तीन बाइक बिक रही थी लेकिन नया स्लैब लागू हो जाने से बाइक की ब्रिकी में उछाल आ गया है। धनतेरस को लेकर ग्राहक अभी से ही बाइक की बुकिंग भी करा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जीएसटी स्लैब में हुए बदलावों के बाद हीरो मोटोकार्प के 350सीसी से कम के बाइक और स्कूटरों की कीमतों में कमी आई है। अलग-अलग माडलों पर ग्राहकों को ?8,000 से लेकर ?20,000 तक की बचत हो रही है।प्रबंधक ने कहा कि प्रतीक हीरो शोरूम में ग्लैमर एक्स एवं एक्सट्रीम 125 आर की खरीदारी करने वाले ग्राहकों को आकर्षक उपहार भी दिया जा रहा है। ग्राहक हमारे यहां फेस्टिव सीजन में बाइक की खरीदारी कर उपहार व अन्य ऑफर का अधिक से अधिक लाभ उठा सकते हैं।

## विधायक ने किया डेढ़ दर्जन सड़क क शिलान्यास

**दारौंदा (सिवान)।** विधायक कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह ने मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र में डेढ़ दर्जन से अधिक सड़कों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इसमें ढेबर शिव मंदिर से प्राथमिक विद्यालय तक, राजेंद्र कमकर के घर से पकवलिया पथ तक, राम प्रवेश महतो के घर से बड़का टोला पकवलिया तक, करसौत नहर पुल से कंगाली छपरा एवं भोज छपरा तक, सिवानङ्कपैगंबरपुर पथ से खंहौरा मोड़ तक, बलुआङ्कपिनर्थु से पिनर्थु खुर्द तक, सिवानङ्कपैगंबरपुर रोड से इंदापुर एवं पिनर्थु खुर्द आदि शामिल हैं। इस दौरान एनडीए के विकास कार्यों से लोगों को अवगत कराया। इस मौके पर हरेंद्र सिंह कुशवाहा, उमेश सिंह आदि उपस्थित थे।

## बिना सचिव के हस्ताक्षर के एचएम ने उठाई राशि

**हसनपुरा(सिवान)।** नगर पंचायत हसनपुरा के वार्ड संख्या छह के पार्षद रोशनी खातून ने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को आवेदन देकर आरोप लगाया है कि मेरे वार्ड में शिवाला मंदिर के समीप उत्क्रमित मध्य विद्यालय हसनपुर हिंदी है। इस विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा 12 सितंबर को 64 हजार 906 रुपये का उठाव कर लिया गया है, लेकिन यह राशि बिना विद्यालय सचिव के हस्ताक्षर किए उठाई गई है। हालांकि विद्यालय सचिव का हस्ताक्षर होना आवश्यक है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि राशि का प्रयोग कानूनी रूप से किया गया है। इतना ही नहीं मैंने कई बार सचिव से संपर्क किया, लेकिन सचिव सैयरा खातून द्वारा जानकारी दी गई है कि मेरे द्वारा सात महीने से हस्ताक्षर नहीं किया गया है। फिर मेरे बिना हस्ताक्षर के राशि कैसे निकासी हो रही है, इसकी जांच होनी चाहिए। इस मामले में प्रधानाध्यापक रामेश्वर साह ने बताया कि इस तरह का कोई मामला नहीं है, सभी आरोप बेबुनियाद है।

## शराब पीकर हंगामा करने के आरोप में दो गिरफ्तार

सीवान। सिसवन थाना की गश्त दल ने सोमवार की रात भागर गांव में छापेमारी कर शराब पीकर हंगामा करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष टुनटुन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में भागर निवासी सरोज राम और रमेश राम शामिल हैं। दोनों का मेडिकल जांच कराने के बाद मंगलवार को न्यायालय भेज दिया।

## बाइक से गिरकर महिला घायल

सिवान। चैनपुर थाना क्षेत्र के रसूलपुर मुख्य मार्ग पर एक बाइक से गिरने से एक महिला घायल हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल महिला का इलाज एक निजी क्लिनिक में कराया गया। घायल महिला की पहचान अतरसन निवासी मोहन कुमार की पत्नी सरोज देवी के रूप में हुई है।

## एसपी ने प्रशिक्षण केंद्र का किया निरीक्षण

**सिवान।** पुलिस केंद्र के बुनियादी प्रशिक्षण केंद्र में चल रहे नवनियुक्त प्रशिक्षु सिपाहियों की ट्रेनिंग और परेड का निरीक्षण करने मंगलवार को एसपी मनोज कुमार तिवारी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षु सिपाहियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसपी ने प्रशिक्षु सिपाहियों के रहने, खाने और दैनिक आवश्यकताओं से जुड़ी सुविधाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। बताया कि प्रशिक्षु सिपाही के पीटी व परेड प्रदर्शन का अवलोकन कर प्रशिक्षण के प्रति समर्पण की सराहना की गई एवं प्राप्त त्रुटियों के सुधार हेतु दिशा-निर्देश दिया गया। उन्होंने जवानों को बताया कि परेड सिपाहियों की शारीरिक व मानसिक फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए किया जाता है। परेड का उद्देश्य सिपाहियों को शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रखना है, ताकि वे अपने कार्यों को प्रभावी ढंग से कर सकें। यह परेड पुलिस विभाग में अनुशासन और एकरूपता को बढ़ावा देने में भी मदद करती है।

## शौचालय का पाइप निकालने के विवाद में हुई मारपीट में दंपती घायल

**हुसैनगंज (सिवान)।** थाना क्षेत्र के रसूलपुर में शौचालय के पाइप निकालने के विवाद में हुई मारपीट में दंपती घायल हो गए। घायलों का उपचार स्थानीय अस्पताल में कराया गया। इस मामले में रसूलपुर निवासी सफीक अहमद ने 19 सितंबर को थाने में आवेदन देते हुए आरोप लगाया है कि मेरे पट्टीदार द्वारा मेरी जमीन की ओर अपनी शौचालय का पाइप निकाल रहा था। जब मैंने इसका विरोध किया तो अख्तर हुसैन, छोटा राय एवं हाजरा खातून तैश में आकर गाली गलौज करते हुए मुझे एवं मेरी पत्नी सलमा खातून को मारपीट कर घायल कर दिए तथा मेरी पत्नी की सोने की चेन व मेरी घड़ी व तीन हजार रुपये नकद छीन लिए। इस संबंध में थानाध्यक्ष छोटन कुमार ने बताया कि तीनों आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी कर कार्रवाई की जा रही है।

## बस ने सवारियों से भरी आटो में पीछे से मारी टक्कर, एक महिला की मौत

**सिवान।** गोरेयाकोठी थाना क्षेत्र के आज्ञा मोड़ के समीप मंगलवार की सुबह तेज रफ्तार बस ने सवारियों से भरी एक आटो में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से आटो पलट गई। इस दुर्घटना में आटो सवार एक महिला की मौत हो गई। जबकि आटो सवार तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने जांच कर घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा, जहां उनका इलाज चिकित्सकों द्वारा किया गया। मृतका की पहचान आज्ञा गांव निवासी लाल बहादुर शर्मा की 45 वर्षीय पत्नी विमलावती देवी के रूप में हुई है, जबकि घायलों में मृत महिला के देवर की पत्नी मीना देवी, गोपालगंज जिले के बरौली थाना क्षेत्र के सुरवाला गांव निवासी विकास बिन और प्रमोद बिन शामिल हैं। वहीं घटना के बाद बस चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि विमलावती देवी और उनकी देवरानी मीना देवी पुत्री अंकिता का इलाज कराने के लिए सोमवार को गोरखपुर गए हुए थे। गोरखपुर से सिवान वापसी के दौरान वे लोग आटो में सवार होकर घर जा रहे थे। जैसे ही आटो आज्ञा मोड पर पहुंची थी कि पीछे से आ रही तेज रफ्तार बस ने आटो में टक्कर मार दी। टक्कर के कारण आटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई और आटो में सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को इलाज के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी को सदर अस्पताल रेफर कर दिया। इसके बाद सदर अस्पताल में इलाज के दौरान विमलावती देवी की मौत हो गई।

## बच्चों के विवाद में मारपीट, दो घायल

सिवान। महादेवा थाना क्षेत्र के पकड़ी में मंगलवार की सुबह बच्चों के विवाद में मारपीट हो गई, इसमें दो लोग घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घायलों की पहचान रवि कुमार व मनोज साह के रूप में हुई है। रवि ने बताया कि मेरा बच्चा खेल रहा था, तभी पड़ोस के बच्चों से विवाद हो गया। जब हम लोग पूछताछ करने गए तो उनलोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया।

## सर्पदंश से महिला की मौत

सिवान। बड़हरिया थाना क्षेत्र के रोहरा कला गांव में मंगलवार की सुबह एक महिला की मौत सर्पदंश से हो गई। स्वजनों ने स्थानीय लोगों की मदद से महिला को इलाज के लिए बड़हरिया स्वास्थ्य केंद्र लाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने स्थिति गंभीर को देखकर महिला को सदर अस्पताल रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतका की पहचान श्रीराम पाल की पत्नी शिवकुमारी देवी (55) के रूप में हुई है। श्रीराम पाल ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ घर में सो रहे थे। इसी दौरान सांप ने उनकी पत्नी को काट लिया। उपचार के लिए अस्पताल लाया गया जहां उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई में जुट गई लेकिन स्वजन पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिए, वहीं शव को लेकर गांव चले गए।

## हथियार के साथ एक बदमाश गिरफ्तार, दो फरार

सिवान। धनौती थाना क्षेत्र के मकरियार खाड़ी पुल के समीप से पुलिस ने हथियार के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया, जबकि दो फरार होने में सफल रहे। गिरफ्तार जीरादेई थाना क्षेत्र के ठेपहा निवासी सिद्धार्थ कुमार है, इसके पास से पुलिस ने एक पिस्टल, एक गोली, एक मोबाइल व दो बाइक को बरामद किया है। इस मामले में एसपी मनोज कुमार तिवारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 21 सितंबर को धनौती थाना को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि मकरियार खाड़ी पुल के पास दो बाइक के साथ तीन व्यक्ति कोई बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। उक्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए धनौती थाना पुलिस टीम द्वारा संबंधित स्थल पर पहुंच कर छापेमारी की गई। छापेमारी के क्रम में एक पिस्टल, दो कारतुस, एक मोबाइल एवं दो बाइक एक साथ सिद्धार्थ कुमार को गिरफ्तार किया गया।

## आटो से 90 लीटर शराब बरामद, चार गिरफ्तार

दारौंदा (सिवान)। थाना क्षेत्र के बैदापुर विशुनपुरा में पुलिस ने मंगलवार को छापेमारी कर एक आटो से 90 लीटर शराब बरामद की। साथ ही मौके पर चार शराब तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में एएसआइ विजय कुमार के बयान पर पांच लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी की गई है। गिरफ्तार आरोपितों में छपरा के अमित कुमार शर्मा, मढ़ौरा के पंकज कुमार, अमित कुमार, धर्मेंद्र साह शामिल हैं। वहीं गिरफ्तार लोगों के अलावा थाना क्षेत्र के बसवरिया टोला निवासी पंकज चौधरी भी आरोपित किया गया है।

## अलग-अलग जगहों से दो बाइक की चोरी

हुसैनगंज(सिवान)। थाना क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों से दो बाइक चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। दोनों बाइक मालिक द्वारा थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई है। इस संदर्भ में मचकना निवासी सर्वजीत बैठा ने बताया कि 20 सितंबर की शाम टेढ़ीघाट बाजार पर सड़क किनारे अपनी बाइक खड़ी कर कुछ सामान खरीदने चला गया, तभी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बाइक चोरी कर ली गई। वहींकुछ समय बाद जब वापस लौटा तो देखा कि मेरी बाइक गायब है।काफी खोज बिंदवल निवासी संजय कुमार सिंह ने आरोप लगाया है कि 20 सितंबर की शाम दरवाजे से अज्ञात चोरों ने बाइक चोरी ली।

## मारवाड़ी युवा मंच ने किया दरिद्रनारायण भोज का आयोजन

सहरसा, 23 सितंबर (हि.स.)। अग्रसेन जयंती के अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच शाखा द्वारा एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 500 लोगों को भरपेट भोजन करवाया गया। जो स्टेशन परिसर में आयोजित किया गया था। भोजन में गरम-गरम पूरी-सब्जी परोसी गई थी।कार्यक्रम की शुरुआत में अग्रसेन महाराज जी के फोटो पर माल्यार्पण किया गया और पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस कार्यक्रम में मारवाड़ी युवा मंच के सदस्यों का भरपूर योगदान मिला। अध्यक्ष आदित्य मित्तल नें कहा कि अग्रसेन महाराज एक महान राजा थे, जिन्होंने अपनी प्रजा के कल्याण के लिए कई कार्य किए। वह एक न्यायप्रिय और दयालु शासक थे, जिन्होंने अपने राज्य में व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा दिया।

